प्रमुख घटनाएं और उपलब्धियां
(सितम्बर, 2017)

*****

प्रमुख घटनाएं एवं उपलब्धियां

1. मंत्रिमण्डल ने दंत चिकित्सक (संशोधन) विधेयक, 2017 पुर:स्थापित करने संबंधी प्रस्ताव अनुमोदित कर दिया है।
2. मंत्रिमण्डल ने दिनांक 12 सितंबर, 2017 को आयोजित अपनी बैठक में आयुर्विज्ञान के क्षेत्र में सहयोग के संबंध में भारत और मोरक्को के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने संबंधी प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया।
3. स्वास्थ्य संबंधी मामलों पर चर्चा करने के लिए माननीय राज्य मंत्री (एपी) और महामहिम डॉ. वलेरी मलाश्को, स्वास्थ्य मंत्री, बेलारूस के बीच दिनांक 11 सितंबर, 2017 को नई दिल्ली में एक बैठक हुई।
4. खेलों में प्रयुक्त होने वाले खाद्य संपूरण आहारों/पौष्टिक उत्पादों में मादक पदार्थों और अन्य संदूषकों/अपदूषकों के मुद्दे पर ध्यान देने के लिए सरकारी एजेंसियों में समन्वय सुनिश्चित करने पर फोकस करने हेतु भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
5. राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और आंतरिक सुरक्षा विभाग , गृह मंत्रालय के बीच 15वें समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर नई दिल्ली में दिनांक 01 सितम्बर, 2017 को हस्ताक्षर किए।
6. सचिव (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण) के नेतृत्व में एक भारतीय प्रतिनिधिमण्डल ने मालदीव में दिनांक 6-10 सितंबर, 2017 के दौरान मौसम परिवर्तन के संबंध में स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ बनाने पर डब्ल्यूएचओ-दक्षिण/पूर्वी एशिया क्षेत्रीय समिति तथा मंत्रालयी गोलमेज के 70वें सत्र में भाग लिया।
7. डीलेमेनिड, भारत में नई क्षयरोग रोधी औषधि शुरु करने के लिए सचिव (डीएचआर) की अध्यक्षता में "भारत में नई क्षयरोग रोधी औषधों का विनियमन" के संबंध में राष्ट्रीय विशेषज्ञ समिति की एक बैठक दिनांक 21 सितंबर, 2017 को संपन्न हुई।
8. आईएमए, एफओजीएसआई, एपीआई, आईएपी, आईएडीवीएल, एनआईएमए, एएसआई, आईएसबीटीआई, अपोलो, फोर्टिस जैसे विभिन्न पेशेवर चिकित्सा संगठनों के साथ नई दिल्ली में दिनांक 27 सितंबर, 2017 को एएस एवं डीजी (नाको) की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई थी।
9. "एचआईवी और सिफिलिस की जांच करने के लिए गर्भवती महिलाओं की सार्वभौमिक कवरेज संबंधी कार्ययोजना " के संबंध में उच्च प्राथमिकता वाले 5 राज्यों (असम, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश) के संबंध में दिनांक 25 सितंबर, 2017 को नई दिल्ली में एक बैठक आयोजित की गई।
10. द्विपक्षीय मुद्दों पर वार्ता करने के लिए अपर सचिव (स्वास्थ्य) और डॉ. ची कुंग हो, स्वास्थ्य उप मंत्री, ताइवान के नेतृत्व में एक ताइवानी प्रतिनिधिमण्डल के बीच दिनांक 21 सितंबर, 2017 को निर्माण भवन, नई दिल्ली में एक बैठक आयोजित की गई।
11. दिनांक 26-27 सितंबर, 2017 को दूसरी भारतीय-अमेरिका स्वास्थ्य वार्ता नई दिल्ली में आयोजित की गई थी जिसमें गैर-संचारी रोग, अनुसंधान एवं विकास , संचारी रोग, वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा , परंपरागत आयुर्विज्ञान, डिजिटल स्वास्थ्य, आयुर्विज्ञान तथा चिकित्सीय नवाचार की सुलभता, स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण आदि क्षेत्रों को कवर किया गया था।
12. मंत्रालय ने सीजीएचएस के तहत पैनलबद्ध निजी अस्पतालों द्वारा सीजीएचएस दरों को प्रदर्शित करने से संबंधित आदेश जारी किए हैं।
13. मंत्रालय ने औषधियों के जेनरिक नामों के अनुसार तथा सीजीएचएस लाभार्थियों को जेनरिक औषधियों के प्रति जागरूक करने हेतु आदेश जारी किए हैं।
14. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, को भारत सरकार ने नार्वे के विदेश मंत्रालय के साथ दिनांक 28 सितंबर, 2018 को नई दिल्ली में एक पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं जो वर्ष 2018 से आरंभ होकर तीन वर्ष की अवधि के लिए नार्वे-भारत सहभागी पहल (एनआईपीआई) के माध्यम से स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग दिए जाने से संबंधित हैं।

15. भारतीय दंत चिकित्सा परिषद द्वारा दंत चिकित्सा पाठ्यक्रम विनियम, 2017 अधिसूचित किया गया है।

16. एमसीआई की सिफारिश पर, शैक्षणिक वर्ष 2018-19 के लिए स्नातकोत्तर (ब्रोड स्पेशिएलिटी) में 101 सीटों पर दाखिल शुरू करने/सीटें बढ़ाने के लिए मंत्रालय ने अनुमति पत्र (एलओपी) जारी किया है।

17. एफएसएसएआई ने खरीदने और दावा करने के स्मार्ट टिप की जानकारी देने के अलावा ग्राहकों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए, विशेष रूप से शिकायतों के शीघ्र तथा संतोषजनक समाधान हेतु खाद्य पदार्थों से संबंधित ग्राहकों की शिकायतों के शीघ्र, प्रभावी तथा उचित प्रबंधन हेतु 'स्मार्ट कस्टमर' नामक एक 'ऐप' की शुरूआत की है।

18. मंत्रालय द्वारा प्रत्येक शुक्रवार को सांय 5-6 बजे लोकसभा टीवी पर 'स्वस्थ भारत कार्यक्रम' के माध्युम से राष्ट्रीय हेल्पलाइन नं. के प्रचार-प्रसार हेतु एक अभियान चलाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त , मंत्रालय ने आरसीएच से संबंधित मुद्दों पर संप्रेषण अभियान का दूसरा चरण का आरंभ किया है, जिसमें रेडियो, टी.वी. तथा प्रिंट विज्ञापन के माध्यम से जनसंख्या स्थिरता कोश (जेएसके) की राष्ट्रीय हेल्पलाइन नम्बर का भी प्रचार किया जा रहा है।

19. राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत , सितंबर, 2017 में लगभग 3.96 लाख मोतियाबिंद के ऑपरेशन किए गए, स्कूली बच्चों को लगभग 13,519 चश्में निःशुल्क वितरित किए गए तथा लगभग 4,284 दान किए गए नेत्र एकत्र किए गए।

******